प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता मे दिनांक 29–03–2022 को सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की वित्त समिति की पॉचवी बैठक का कार्यवृत्त :–

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य गण उपस्थिति हुएः

1. श्री अमृत अभिजात (आई0ए0एस0) — अध्यक्ष
   प्रमुख सचिव
   प्राविधिक शिक्षा विभाग
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ
2. प्रो0 रचना अस्थाना, — सदस्य
   निदेशक
   अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी फार हैण्डीकैप्ड
   कानपुर।
3. श्री राजेश पाण्डेय — सदस्य
   अपर निदेशक, वित्त विभाग, लखनऊ एवं
   अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि
4. प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला — सदस्य एवं निदेशक
   निदेशक
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य गण अनुपस्थिति रहेः

5. प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय — सदस्य
   कुलपति
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
   गोरखपुर।
6. श्री राजेश कुमार — सदस्य
   वित्त एवं लेखाधिकारी
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,कन्नौज।

सर्वप्रथम निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।



Scanned by CamScanner

05:01 **दिनांक 11 मार्च, 2021 को सम्पन्न वित्त समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनॉक 11–03–2021 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त पर माननीय सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। सूचना से अवगत होते हुये वित्त समिति द्वारा कार्यवृत्त का पुष्टिकरण करते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

05:02 **दिनांक 11 मार्च, 2021 को सम्पन्न वित्त समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

संस्थान की वित्त समिति की दिनांक 11–03–2021 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक में लिये गये निर्णयों पर संस्थान द्वारा कृत कार्यवाही से वित्त समिति अवगत हुई तथा संतोष व्यक्त किया।

05:03 **वित्तीय वर्ष 2021–22 की अद्यतन (28–02–2022 तक) वास्तविक व्यय तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2022–23 का व्ययनुमान की सूचना एवं अनुमोदन।**

वित्तीय वर्ष 2021–22 मे अनुमोदित बजट रू0 1147.01 लाख के सापेक्ष किये गये अद्यतन (28–02–2022 तक) वास्तविक व्यय रू0 792.42 लाख तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2022–23 में होने वाले अनुमानित आय रू0 1685.79 लाख से रू0 1454.42 लाख के प्रस्तावित मदवार व्यय की व्याख्यात्मक टिप्पणियों का वित्त समिति द्वारा अवलोकन किया गया तथा निम्न तालिका के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया:

(धनराशि रू0 लाख मे)

| मद सं० | विवरण | 2021–2022 मे अनुमोदित धनराशि | वित्तीय वर्ष 2021–22 मे 28.02.2022 तक का वास्तविक व्यय | 2022–23 के लिए अनुमोदित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | राजस्व व्यय | | | |
| 01 | वेतन एवं भत्तों पर व्यय<br>(अ) शैक्षणिक पद | 361.95 | 303.53 | 550.00 |
| | (ब) एन0पी0एस0 नियोक्ता अंशदान | 50.54 | 41.24 | 85.00 |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी (आउट सोर्सिंग) | 195.00 | 156.18 | 210.00 |
| 02 | यात्रा–भत्ता व्यय | 03.00 | 0.83 | 03.00 |
| 03 | मानदेय | 02.00 | 0.41 | 02.00 |
| 04 | कार्यालय व्यय | 15.00 | 11.52 | 18.00 |
| 05 | कान्फ्रेन्स / सेमीनार / एफ0डी0पी0 | 07.00 | 01.07 | 07.00 |
| 06 | विद्युत देय | 75.00 | 36.80 | 75.00 |



Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 07 | लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई | 05.00 | 01.35 | 07.00 |
| 08 | कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | 25.00 | 22.75 | 25.00 |
| 09 | टेलीफोन/ब्राडबैण्ड पर व्यय | 20.00 | 01.17 | 12.00 |
| 10 | बस किराया | 02.00 | 0.37 | 02.00 |
| 11 | गाड़ियों का अनुरक्षण/पेट्रोल, डीजल आदि | 04.50 | 02.05 | 06.00 |
| 12 | आंतरिक सम्प्रेक्षा (सी0ए0 आडिट) | 0.60 | 0.39 | 01.00 |
| 13 | विधिक/विविध सेवाओं पर व्यय | 03.00 | 0.23 | 04.00 |
| 14 | परामर्शदात्री सेवा फीस/चयन समिति के सदस्यों एवं विशेषज्ञों का मानदेय | 05.00 | 03.54 | 05.00 |
| 15 | विज्ञापन | 07.00 | 02.82 | 07.00 |
| 16 | अतिथि व्यय/व्यय विख्यापन | 01.00 | 00 | 01.00 |
| 17 | सामान्य अनुरक्षण कार्य | 15.00 | 12.84 | 15.00 |
| 18 | अतिथि व्याख्याता पारिश्रमिक | 48.00 | 38.59 | 48.00 |
| 19 | खेल–कूद एवं सांस्कृतिक किया कलाप | 05.00 | 0.57 | 05.00 |
| 20 | प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय | 03.00 | 00 | 03.00 |
| 21 | कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर व्यय | 07.00 | 05.20 | 20.00 |
| 22 | कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी व्यय | 07.00 | 02.12 | 08.00 |
| 23 | चिकित्सा/औषधि व्यय | 05.00 | 02.77 | 07.00 |
| 24 | छात्रावास संचालन/रख–रखाव व्यय | 07.00 | 04.48 | 10.00 |
| 25 | जनरेटर अनुरक्षण/डीजल व्यय | 05.00 | 01.96 | 07.00 |
| 26 | पुस्तकालय | 10.00 | 0.96 | 10.00 |
| 27 | आकस्मिक सेवा वाहन (एम्बूलेंस) का क्रय | 07.00 | 00 | 00.00 |
| 28 | वाटर पाइपलाइन/समरसेबिल/एस0टी0पी0 की अनुरक्षण एवं रखरखाव | 14.00 | 02.75 | 12.00 |
| 29 | वर्चुअल लैब, स्मार्ट क्लास रूम, कम्प्यूटर लैब, नेटवर्किंग की अनुरक्षण एवं रखरखाव | 16.50 | 09.37 | 16.50 |
| 30 | सेन्टर फार आल्टरनेटिव एण्ड रिन्यूएबल एनर्जी(यूपी नेडा) | 07.92 | 00 | 07.92 |
| 31 | विद्युत अनुरक्षण एवं रख–रखाव | 07.00 | 05.08 | 10.00 |
| 32 | अनुसंधान और विकाश | 00.00 | 0.00 | 5.00 |
| | **योग** | **947.01** | **672.94** | **1204.42** |
| (ब) | पूँजीगत व्यय | | | |
| | **विवरण** | 2021–2022 मे अनुमोदित धनराशि | वित्तीय वर्ष 2021–22 मे 28.02.2022 तक का वास्तविक व्यय | 2022–23 के लिए अनुमोदित धनराशि |
| 33 | लैबों की साज–सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण/फर्नीचर | **200.00** | **119.48** | **250.00** |
| | **योग** | **200.00** | **119.48** | **250.00** |
| | **महा योग** | **1147.01** | **792.42** | **1454.42** |



Scanned by CamScanner

05:05: <u>वृहद निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति से समिति को अवगत कराया जाना।</u>

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की स्थापना/निर्माण हेतु पूर्व अनुमोदित लागत रू0 5974.00 लाख को पुनरीक्षित करते हुये शासनादेश संख्या– 32/2021/68591/2021/ 16–1099/95/2020 दिनांक 07–06–2021 द्वारा रू0 12642.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।
परियोजना के कार्यों पर व्यय हेतु विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से अबतक कुल रू0 6828.32 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। उक्त अवमुक्त धनराशि 6828.32 लाख का शतप्रतिशत व्यय अनुमोदित मदों में किया जा चुका है।

**वित्त समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।**

04:06 **डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किये गये क्रय, व्यय, सेवाये लिये जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना।**

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किए गये क्रय/व्यय, सेवायें लिए जाने एवं निर्माण कार्य इत्यादि की प्रगति आख्या तथा पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के द्वितीय चरण हेतु संस्थान से प्राप्त प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने की सूचना से वित्त समिति अवलोकित हुई।

05:07 **संस्थान मे वाह्य सेवा प्रदाता (आउट सोर्सिंग) के माध्यम से कार्यरत कर्मियों की पारिश्रमिक/मानदेय की दरों में बढ़ोत्तरी किये जाने पर विचार।**

संस्थान मे वाह्य सेवा प्रदाता (आउट सोर्सिंग) के माध्यम से कार्यरत कर्मियों की पारिश्रमिक/मानदेय की दरों में बढ़ोत्तरी दिनांक 16–07–2016 के पश्चात् विगत 05 वर्षों मे सी0पी0आई0 दरों मे हुई वृद्धि के सापेक्ष **समूह 'ग'** के आउटसोर्सिंग कर्मियों के पारिश्रमिक/मानदेय का निर्धारण निम्नानुसार किये



Scanned by CamScanner

जाने के प्रस्ताव पर वित्त समिति द्वारा सैद्धांतिक सहमति/संस्तुति प्रदान की गई:

| क्रमांक | गैर शैक्षणिक समूह 'ग' के पद जिन पर आउट सोर्सिंग के माध्यम से कर्मी आबद्ध किये गये है | 16–07–2016 को निर्धारित पारिश्रमिक/ मानदेय | विगत 05 वर्षों मे सी0पी0आई0 दरों मे हुई वृद्धि के सापेक्ष पारिश्रमिक/ मानदेय 01.04.2022 से निर्धारण |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए | 18000.00 | 22000.00 |
| 2 | सहायक कुलसचिव | 30000.00 | 36700.00 |
| 3 | उप पुस्तकालयाध्यक्ष | 30000.00 | 36700.00 |
| 4 | अवर अभियंता (विद्युत तथा सिविल) | 22000.00 | 26900.00 |
| 5 | अनुदेशक | 22000.00 | 26900.00 |
| 6 | लैब टेक्नीशियन | 18000.00 | 22000.00 |
| 7 | वरिष्ट सहायक | 18000.00 | 22000.00 |
| 8 | सहायक लेखाकार | 18000.00 | 22000.00 |
| 9 | आशुलिपिक | 18000.00 | 22000.00 |
| 10 | शारीरिक अनुदेशक | 18000.00 | 22000.00 |
| 11 | सहायक कम कैटलागर | 15020.00 | 18400.00 |
| 12 | स्टोर कीपर | 15020.00 | 18400.00 |
| 13 | कनिष्ठ सहायक | 15020.00 | 18400.00 |
| 14 | पुस्तकालय सहायक | 15020.00 | 18400.00 |
| 15 | छात्रावास सहायक | 15020.00 | 18400.00 |
| 16 | प्रयोगशाला सहायक | 15020.00 | 18400.00 |
| 17 | इलेक्ट्रीशियन | 15020.00 | 18400.00 |
| 18 | मेकेनिक गेड-ए | 18000.00 | 18400.00 |
| 19 | टेलीफोन आपरेटर कम रिसेप्सनिस्ट | 15020.00 | 18400.00 |
| 20 | वाहन चालक | 15020.00 | 18400.00 |
| 21 | फार्मासिस्ट | 18000.00 | 22000.00 |

उपरोक्त के अतिरिक्त समूह 'घ' के आउटसोर्सिंग कर्मियों के पारिश्रमिक/ मानदेय उ0प्र0 सरकार/लेबर कमिशनर द्वारा समय-समय पर निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक दर के निर्धारण पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।



Scanned by CamScanner

05:08 **अन्य प्रकरण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

(1) राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के निर्माण हेतु पुनरीक्षित लागत रू0 12642.82 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 6828.32 लाख कार्यदायी संस्था को अवमुक्त किया जा चुका है। उक्त धनराशि का शतप्रतिशत कार्यदायी संस्था द्वारा व्यय किया जाचुका है। संस्थान मे मात्र 01 एकेडमिक ब्लाक ही निर्मित है जिसमें कुल 04 ब्रांचों की सभी अकादमिक तथा प्रशासनिक गतिविधियां संचालित की जा रही है। वर्तमान मे उक्त ब्लाक मे विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं की सभी लैबों हेतु समुचित स्थान उपलब्ध नही है। जिसके कम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा जारी विजिटिंग कमेटी की रिपोर्ट में कुल 08 लैबों की कमी दर्शायी गयी है। अभातशिप से प्राप्त मान्यता की निरन्तरता बनाये रखने हेतु 08 लैबों की कमी को पूर्ण करने के लिये उ0प्र0 आवास विकास परिषद से प्राप्त आगणन रू0 152.77 लाख के प्रस्ताव पर सुसंगत नियमों के तहत जिसकी तकनीकी परीक्षण संस्थान की भवन निर्माण समिति से कराने के पश्चात् उक्त पर प्रशासकीय परिषद की अनुमोदनोपरान्त संस्थान की बचत से वित्त पोषण कराये जाने के प्रस्ताव पर वित्त समिति द्वारा सैद्धांतिक सहमति/संस्तुति प्रदान की गई।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं सदस्य
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज

(अमृत अभिजात, आई0ए0एस0)
अध्यक्ष, वित्त समिति/
प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन

संख्याः 27/वि0स0/नि0का0/रा0इ0का0/कन्नौज/2022—23 दिनांक 13 अप्रैल, 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष, वित्त समिति, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज एवं प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।



Scanned by CamScanner

3. प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय, कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
4. प्रो0 रचना अस्थाना, निदेशक, अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी फार हैण्डीकैप्ड, कानपुर।
5. श्री राजेश पाण्डेय, अपर निदेशक, वित्त एवं अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, लखनऊ द्वारा नामित प्रतिनिधि।
6. वित्त एवं लेखाधिकारी, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज।
7. संबंधित पत्रावली।

(मनोज कुमार शुक्ला)
निदेशक एवं सदस्य
वित्त समिति
राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज



Scanned by CamScanner